तापमान
अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 8 मई 2026



11 पॉवर इंजीनियर्स के संघर्ष से एसडीओ का तबादला रद्द, मांगों को लेकर किया प्रदर्शन





12 बावल में सोलर प्लेट कंपनी में भयंकर आग, एक दर्जन फायर ब्रिगेड ने पाया काबू









## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**कुंड।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने सिरसा के नया गांव निवासी रमेश को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर खेड़ा बार्डर के पास हुए सड़क हादसे के बाद गत 21 अप्रैल को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के पातुवास निवासी अकरम को गिरफ्तार किया है। बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। शुक्रपुरा निवासी नरेंद्र के खिलाफ कोर्ट में एक मामला चल रहा है। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। कोर्ट ने उसे पीओ घोषित करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### धोखाधड़ी के मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने अप्रैल माह में दर्ज किए गए धोखाधड़ी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गत 10 अप्रैल को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। पीड़ित ने उसके साथ धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए थे। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे। इस मामले में पुलिस ने दादरी गेट भिवानी निवासी महेश और कान्हड़वास निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### यादव सभा का निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैंप 10 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 10 मई को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में सुबह 9 से 11 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप में मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, दंत रोग व ईएनटी में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी जाएगी।

*शहर में कई ट्रांसफार्मरों के पास ही डाला जा रहा कचरा, गोवंश को करंट लगने का खतरा*

# बिना सुरक्षा जाली के लगे ट्रांसफार्मर दे रहे हादसों को न्योता, बड़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

शहर में जगह-जगह बिना जाली के खुले में रखे बिजली के ट्रांसफार्मर लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इनसे करंट लगने का खतरा हमेशा मंडराता रहता है। जिले में 90 प्रतिशत ऐसे ट्रांसफार्मर हैं, जिनको सुरक्षा जाली से कवर नहीं किया हुआ है। शहर की कई प्रमुख सड़कों पर खतरनाक और असुरक्षित तरीके से लगे बिजली के ट्रांसफॉर्मर खुलेआम हादसे को न्योता दे रहे हैं। विभिन्न चौराहों, गलियों के नुक्कड़ और मोहल्लों में लगे हुए ट्रांसफार्मरों में न तो सुरक्षा जाली लगाई गई है न ही फ्यूज पॉइंट की ऊंचाई निर्धारित मापदंड के अनुसार है, जिसके कारण बाइक सवार या पैदल चलने वाले व्यक्ति का सिर भी फ्यूज पॉइंट से टकराने का खतरा बना रहता है। यहां तक कि ट्रांसफार्मरों के फ्यूज पॉइंट से लटकते तारों से बारिश के समय करंट लगने का भी खतरा है। खुले में रखे इन ट्रांसफार्मर से बंदरों, बेसहारा पशुओं और बच्चों को गंभीर खतरा है।



रेवाड़ी। बारा हजारी में बिना सुरक्ष जाली के लगे ट्रांसफार्मर। फोटो : हरिभूमि



### ट्रांसफार्मरों के पास ही कचरा डालते हैं लोग

शहर में कई ट्रांसफार्मर ठीक जगह लगे हुए हैं। जहां करंट का खतरा नहीं है, लेकिन कई मोहल्लों व कॉलोनियों में ट्रांसफार्मर रखने के लिए ठीक जगह नहीं होने के कारण, जहां जगह मिलती है, वहां ट्रांसफार्मर लगा दिया जाता है। कई जगह तो ऐसी हैं, जहां ट्रांसफार्मर के ऊपर जाली लगाने की जगह भी नहीं है। हालांकि बिजली निगम की ओर से पिछले दिनों कई ट्रांसफार्मर को जाली से कवर किया गया था, लेकिन जाली लगने पर आसपास के लोग उसमे कचरा डालने लग गए, जिससे गोवंश के कचरे में मुंह मारने से कंरट लगने का खतरा बढ़ गया। अभी भी गोल चक्कर, बारा हजारी, सरकुलर रोड पर डाकखाने के पास, नाईवाली चौक के पास सहित कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों के पास कचरा डंपिंग स्टेशन बना हुआ है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा चुंगी पर लगे ट्रांसफार्मर की लटकती तार। फोटो : हरिभूमि

### बिजली के खंभों पर रखे ट्रांसफार्मर

*जिले में 15000 के करीब बिजली ट्रांसफार्मर के लगे हुए हैं। इनमें काफी ट्रांसफार्मर फाउंडेशन बनाकर रखे गए हैं तो अधिकांश ट्रांसफार्मर बिजली के खंभों पर रखे हुए हैं। बिना जाली के इन ट्रांसफार्मरों के नजदीक से गुजरने पर करंट लगने का खतरा बना रहता है। शहर के मौहल्लों की संकरी गलियों में लगे यह ट्रांसफार्मर ज्यादा खतरनाक हैं। इन ट्रांसफार्मरों से करंट लगने से गोवंश की मौत के मामले हर साल आते रहते हैं। शहर में 3000 के करीब ट्रांसफार्मर लगे हुए है, जिनमें से 90 प्रतिशत ट्रांसफार्मरों में सुरक्षा जाली लगाने की जरूरत है।*

### सर्कुलर रोड पर सुरक्षा जाली की ज्यादा जरूरत

शहर के सरकुलर रोड पर हर समय यातायात रहता है। ऐसे में कई ट्रांसफार्मर लोगों के लिए हादसे का कारण बन सकते है। धारूहेड़ा चुंगी के पास, डाकघर के पास, अंबेडकर चौक के पास, बस स्टैंड के पास, नाईवाली चौक अग्रसेन चौक व रेलवे चौक के पास लगे ट्रांसफार्मरों पर जाली लगाने की ज्यादा जरूरत है। इन ट्रांसफार्मरों के पास कचरा डंपिंग यार्ड बनाया हुआ है, जिससे गोवंश को करंट लगने का खतरा है। इनके अलावा मुख्य बाजार मोती चौक के पास व बारा हजारी भी ट्रांसफार्मर बिना जाली के ही रखे हुए है।

## रतनलाल हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

- कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया
- पुलिस अब तीसरे आरोपी सुनील की तलाश कर रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

थाना बावल पुलिस ने खुर्मपुर में वर्ष 2018 में हुई युवक रतनलाल की हत्या के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

26 दिसंबर 2018 की रात खुर्मपुर निवासी 45 वर्षीय रतनलाल खाना खाने क बाद अपने घर में सोने के लिए चला गया था। अगले दिन सुबह उसका चचेरा भाई प्यारेलाल उसके मकान में गया, तो रतनलाल का शव चारपाई पर पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया था। सीआईए धारूहेड़ा ने 5 मई को खुर्मपुर निवासी सोमबीर को देशी कट्टे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। सख्ती से पूछताछ के दौरान उसने रतनलाल की हत्या अपने दो दोस्तों सुनील और मंजीत के साथ मिलकर करने की बात स्वीकार की थी। ब्लाइंड मर्डर का खुलासा होते ही बावल पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस ने हत्याकांड के दूसरे आरोपी मंजीत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब तीसरे आरोपी सुनील की तलाश कर रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## अवैध शराब तस्करी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस टीमों ने छापेमारी कर आरोपियों के कब्जे से 55 .5 बोतल देशी शराब बरामद की

**रेवाड़ी।** आगामी शहरी निकाय आम चुनाव और पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनावों को लेकर पुलिस का अपराधियों की धरपकड़ का अभियान जारी है। पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों के कब्जे से 55.5 बोतल देशी शराब बरामद की है। धारूहेड़ा थाना पुलिस टीम ने गांव खटावली निवासी आरोपी अजय कुमार को 28.75 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। दूसरे मामले में सेक्टर-3 चौकी पुलिस टीम ने यूपी के जिला अमरोहा के गांव कायस्थान निवासी आरोपी गौरव कुमार को 13 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। वही मॉडल टाउन थाना पुलिस टीम ने मोहल्ला उत्तम नगर निवासी आरोपी विजयपाल को 13.75 बोतल देशी शराब सहित पकड़ा है।

## सीआईए ने अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह के सदस्य को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी की टीम ने अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान ग्रीन पार्क नांगल जैसा बोहरा जयपुर हालआबाद छापड़ा की ढाणी चौमुका जामारामगढ़ जयपुर निवासी सुमेर उर्फ बिंटू के रूप में हुई है पुलिस मामले में अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह के मुख्य सरगना को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

22 अक्टूबर 2025 को पुलिस शिकायत में सेक्टर-4 निवासी सविता ने बताया था कि वह शाम के समय अपनी बेटी शिवांगी के साथ शिव चौक की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो युवक आए। दोनों ने उसके गले से मंगलसूत्र छीन लिया। मंगलसूत्र के साथ सोने व चांदी के दो लॉकेट भी थे। पुलिस ने मामले में संलिप्त अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह के 5 हजार रुपये के इनामी सरगना राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव रसनाली निवासी विक्रम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सीआईए ने बुधवार को मामले में संलिप्त गिरोह के एक और सदस्य जयपुर के ग्रीन पार्क नांगल जैसा बोहरा हाल आबाद छापड़ा की ढाणी चौमुका जामारामगढ़ जयपुर निवासी सुमेर उर्फ बिंटू को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी सुमेर।

### आरोपी सुमेर उर्फ बिंटू का आपराधिक रिकॉर्ड

*जांच में सामने आया है कि आरोपी सुमेर उर्फ बिंटू एक आदतन अपराधी है और अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह का सदस्य है। उसके खिलाफ पहले भी राजस्थान के कोटपुतली, बहरोड़, नीमराना, जयपुर, भरतपुर व अन्य शहरों में चेन स्नेचिंग के 25 से ज्यादा मामले पहले से दर्ज हैं और कई मामलों में वह वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी सुमेर उर्फ बिंटू को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।*

## डीएलएसए ने जिला जेल में लगाई लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. रेनू सोलखे ने वीरवार को उच्चतम न्यायालय के मुलाकात से न्याय तक मिशन के तहत जिला जेल के मुलाकाती एरिये का निरीक्षण किया। इस मौके पर डा. सोलखे ने अधिकारियों को कानूनी सहायता हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीजेएम डा. रेनू सोलखे की अध्यक्षता में जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन भी किया गया। जेल लोक अदालत में मौके पर ही विचाराधीन कैदियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई गई। सीजेएम ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 चलाया हुआ है, जिस पर आमजन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय के टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करके फ्री कानूनी सहायता ली जा सकती है।



रेवाड़ी। जिला जेल का निरीक्षण करते हुए डीएलएसए सचिव डा. रेनू सोलखे। फोटो : हरिभूमि

**मौसम जल्द पूरी तरह साफ होने की संभावना, मई के दूसरे पखवाड़े में शुरू होगी हीट वेव**

# अब रात के तापमान में आया उछाल, गर्मी का असर बढ़ना शुरू

- बीते साल की तुलना में दिन का तापमान लगभग सामान्य चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

आंधी के साथ बूंदाबांदी का सिलसिला थमते ही दिन से ज्यादा रात का तापमान बढ़ने लगा है। इससे रात के समय लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के समय हीट वेव से अभी राहत मिली हुई है। मौसम जल्द पूरी तरह से साफ हो सकता है। इसके बाद गर्मी एक बार फिर प्रचंड रूप धारण कर लेगी। मई के दूसरे पखवाड़े में हीट वेव जनजीवन प्रभावित कर सकती है। वीरवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाने के बाद आसमान साफ हो गया। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 24.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात के समय गर्मी का असर बढ़ना शुरू हो गया है। बीते साल की तुलना में दिन का तापमान लगभग सामान्य चल रहा है, जबकि रात का तापमान सामान्य से अधिक हो गया है। दिन के समय लोगों को भारी गर्मी से अभी राहत मिली हुई है। वीरवार को दोपहर बाद तक लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। आर्द्रता 45 प्रतिशत तक रहने के कारण उमस ने दोपहर के समय परेशान किया। मौसम विभाग के अनुसार वीरवार की रात एक बार फिर मौसम में बदलाव आ सकता है। बादलों और तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद मौसम आमतौर पर साफ रहने की संभावना है। इससे दिन का तापमान तेजी से बढ़ना शुरू हो जाएगा। मई के दूसरे पखवाड़े में भारी गर्मी का प्रकोप बन सकता है। हीट वेव का असर शुरू होते ही जनजीवन प्रभावित होगा। शाम के समय एक बार फिर तेज हवाओं के साथ बादल गहराने से मौसम में बदलाव आ गया।



रेवाड़ी। वीरवार दोपहर को खाली पड़ा बावल रोड। फोटो : हरिभूमि

### गर्मी के साथ बढ़ने लगी बिजली की मांग

मौसम में बदलाव और पारा गिरने के साथ ही बिजली की दैनिक खपत कम होकर लगभग 65 लाख यूनिट तक आ गई थी। रात के समय गर्मी बढ़ने से बिजली की खपत में वृद्धि होना शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में बिजली की दैनिक खपत एक बार फिर 90 लाख यूनिट के आसपास पहुंच सकती है। भारी गर्मी की स्थिति में मांग बढ़ने पर लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है। हाल ही में हुई बूंदाबांदी ने प्रदूषण साफ करने का काम कर दिया। वीरवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 110 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक माना जा सकता है।

## संस्था का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम नौ मई को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में 9 मई को आशियाना वृद्धाश्रम झज्जर चौक के पास मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष डा. आरबी यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से पतंजलि के जिला प्रभारी दयाराम आर्य व हैल्थ एंड वैलनेस कोच शशि जुनेजा का अभिनंदन किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशियाना वृद्धाश्रम के संचालक दिनेश राजपाल करेंगे।

फीलिंग्स

# माय मम्मी इज द बेस्ट

हर मां अपने बच्चों से बेइंतहा प्यार करती है। बच्चों की केयर में कोई कसर नहीं छोड़ती। बच्चे भी अपनी मां से बहुत प्यार करते हैं, उनकी दुनिया मां के इर्द-गिर्द रहती है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** से शेयर कर रहे हैं, मां से जुड़ी अपनी फीलिंग्स, उनसे जुड़ी खास मेमोरी। ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस मदर्स-डे पर इनकी क्या प्लानिंग्स हैं, इनका अपनी मां के लिए क्या मैसेज है?

## हमेशा मिलता है मम्मी का प्यार-सपोर्टः हरिति जोशी



**इन दिनों** सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार हरिति जोशी निभा रही है। अपने अभिनय से उसने दर्शकों का मन मोह रखा है। हरिति अपनी मम्मी को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करती है। वह बताती है, 'मेरी मम्मी की सबसे अच्छी क्वालिटी है, उनका प्यार और हर वक्त सपोर्ट में खड़े रहना। वो मेरे लिए दुनिया की बेस्ट मम्मी हैं।' हरिति अपनी मम्मी से रिलेटेड एक मेमोरी शेयर करती है, 'जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक बार मुझे बहुत तेज बुखार हो गया था। मैं बस चुपचाप लेटी थी। मम्मी मेरे पास ही बैठी थीं। वो बार-बार मेरे माथे पर ठंडी पट्टी रखतीं। मुझे अपनी गोद में सुला लेतीं। रात को जब सब सो गए, तब भी मम्मी नहीं सोईं। मैं आधी रात को जब उठी तो देखा कि वो मेरे बाल सहला रही हैं। उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मम्मी मुझसे कितना प्यार करती हैं।' इस बार मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को कैसे स्पेशल फील कराएगी, पूछने पर वह बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए अपने हाथ से एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, जिसमें अपनी और उनकी पिक्चर लगाऊंगी। मैं उनकी कोई फेवरेट डिश बनाऊंगी। घर के कामों में भी उनका हाथ बंटाऊंगी ताकि मम्मी को आराम मिले।'

मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर वह बताती है, 'मैं मम्मी से कहूंगी कि मम्मी, आप दुनिया की सबसे अच्छी मम्मी हैं। आप मेरे लिए इतना कुछ करती हैं, उसके लिए थैंक यू! मैं आपसे बहुत-बहुत प्यार करती हूं।' *



## मम्मी से मिलती है इंस्पिरेशनः आयशा विंधारा



**सोनी सब** के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया की भूमिका निभा रही आयशा विंधारा को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। आयशा अपनी मम्मी की बेस्ट क्वालिटीज के बारे में बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर बात बहुत ध्यान से सुनती हैं। मुझे वे यह भी बताती हैं कि मैं कोई काम सही कर रही हूं या गलत। वे मुझे हमेशा गाइड करती हैं। अपनी मम्मी के प्यार और सपोर्ट की वजह से ही मैं हमेशा सिक्योर और कॉन्फिडेंट फील करती हूं।'

इस मदर्स-डे पर मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए आयशा क्या कुछ खास करने वाली है, पूछने पर वह एक्साइटेड होते हुए बताती है, 'मैं इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने जाऊंगी। उस दिन घर में उनके लिए अपने हाथों से ब्रेकफास्ट तैयार करूंगी। मैं अपनी मम्मी को अपने हाथों से बनाया हुआ एक बहुत सुंदर-सा ग्रीटिंग कार्ड दूंगी। साथ ही, मैं उन्हें एक परफ्यूम या उनकी पसंद की शेड वाला लिपस्टिक गिफ्ट करूंगी। मैं अपनी मम्मी और अपनी बहन के साथ इस बार जोरदार तरीके से मदर्स-डे सेलिब्रेट करूंगी।'



इस मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के लिए आयशा क्या मैसेज देना चाहेगी? पूछने पर वह बताती है, 'मम्मी, आप हमेशा मुझे सही राह दिखाती हैं, सही सलाह देती हैं। आप हमेशा खुद को मोटिवेट करती हैं, दूसरों की हेल्प करती हैं। आपकी इन बातों से मुझे इंस्पिरेशन मिलता है। आप हमेशा वैसी ही बनी रहें जैसी आप हैं।' *

## मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता हैः संवेग कौदान

**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में संवेग कौदान, अंश पटेल की भूमिका निभा रहा है।



अपनी मम्मी के बारे में संवेग बताता है, 'मेरी मम्मा इस दुनिया में सबसे अच्छी मम्मा हैं। वो मेरी हर बात मानती हैं। जो बात नहीं मानने वाली होती है, वह मुझे समझाती हैं कि यह बात क्यों नहीं मान रही हैं? मेरी मम्मा मुझ पर बहुत ट्रस्ट करती हैं। जब कोई मेरे बारे में यह बोलता है कि इससे यह काम नहीं होगा, तब मम्मा कहती हैं, मेरा बेटा सब काम कर सकता है। माय मम्मा इज हेल्पिंग, केयरिंग एंड सपोर्टिव।' मम्मा के साथ कोई मेमोरेबल इंसिडेंट के बारे में पूछने पर संवेग एक मजेदार इंसिडेंट के बारे में बताता है, 'एक बार दिल्ली मेट्रो से सफर करने के लिए मैं अपनी मम्मा के साथ स्टेशन पर पहुंचा। कुछ क्रैकर्स मेरे बैग में रखे हुए थे। जब मैंने वहां चेकिंग कर रहे सीआईएसएफ जवान को देखा तो डर गया, मैं रोने लगा। मम्मा ने मुझे बहुत चुप कराया लेकिन मैं चुप ही नहीं हो रहा था। तो फिर मम्मा ने सीआईएसएफ जवान को कंविंस किया। उसके बाद वह जवान मुस्कुराते हुए मेरे पास आए और प्यार से बोले- इस बार तुम्हारी गलती माफ। आगे से फायर क्रैकर्स लेकर मेट्रो या



किसी पब्लिक प्लेस पर मत जाना। मैंने उनसे प्रॉमिस किया। इसके बाद मैं रिलैक्स हो गया। मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है।' इस बार मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मी को एक स्पेशल सरप्राइज देने की प्लानिंग कर रहा है। वह बताता है, 'मम्मा मेरे लिए पापा और दीदी से दूर रहती हैं। इसलिए मम्मा को बिना बताए मैं पापा-दीदी को यहीं बुला लूंगा। इस सरप्राइज से वह बहुत खुश होंगी।' मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मा को यह मैसेज देना चाहता है, 'मुझे आपका हमेशा ख्याल रखना है, कभी आपका साथ नहीं छोड़ना है। आई लव यू मम्मा।' *

## मम्मी मुझे हमेशा मोटिवेट करती हैंः अकदास खान



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का किरदार निभाकर अकदास खान ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अकदास अपनी मम्मी के बारे में बताता है, 'मेरी मम्मी दुनिया की बेस्ट मॉम हैं। वो हमेशा मेरा ख्याल रखती हैं। मम्मी मुझे हर बात को बहुत अच्छे से समझाती हैं। वो हमेशा मुझे मोटिवेट करती हैं, कहती हैं- अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और मेहनत से हम लाइफ में कुछ भी अचीव कर सकते हैं।'

अकदास अपनी मम्मी से रिलेटेड एक प्यारी-सी मेमोरी शेयर करता है, 'एक बार मैं शूट के दौरान बहुत थक गया था। मेरा मन काम करने का नहीं था। तब मम्मी सेट पर आईं। उन्होंने मुझे हग किया और मुझे मेरी



फेवरेट चॉकलेट दी। फिर हम दोनों ने साथ में थोड़ा टाइम बिताया। मम्मी ने मुझे स्पेशल फील कराया। मैं फिर से खुश हो गया।'

इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए अकदास अपनी प्लानिंग बताता है, 'मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए एक हैंडमेड कार्ड बनाऊंगा। उन्हें एक छोटा-सा गिफ्ट भी दूंगा। अगर उस रोज मेरी शूटिंग नहीं हुई, तो मैं उनके साथ पूरा दिन बिताऊंगा।'

मदर्स-डे पर अकदास अपनी मम्मी को क्या खास मैसेज देना चाहता है, पूछने पर बताता है, 'मैं मम्मी से कहूंगा कि मैं आपको बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे लिए सबसे स्ट्रॉन्ग और बेस्ट हो। आप हमेशा मेरे साथ रहिएगा। मैं बड़ा होकर आपको बहुत प्राउड फील कराऊंगा।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, हाल में ही प्रेरित करती बाल कथाओं की किताब 'बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब की लेखिका डॉ. करुणा पांडे हैं। ये सभी कहानियां जीवन से जुड़ी शिक्षाएं देती हैं। पहली कहानी 'आत्मनिर्भर बनो' में शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों को एक चिड़िया की कहानी सुनाकर आत्मनिर्भरता का महत्व बताते हैं। दूसरी कहानी 'मेहनत का खजाना' में तुम पढ़ोगे कि कैसे आलसी लड़के गोविंद को मेहनत का महत्व पता चलता है, जब उसके पिता का देहांत हो जाता है। एक और आलसी बच्चे तिम्मा की कहानी तुम 'गौरैया का उपाय' में पढ़ सकते हो कि कैसे उसे एहसास होता है कि बिना मेहनत किए कोई भी जीव अपना भोजन प्राप्त नहीं कर सकता है। 'दोस्ती की पहचान'




एक किसान और उसके नासमझ बेटे गोपाल की कहानी है, जो अपने सच्चे दोस्तों की पहचान नहीं कर पाता है और उनके साथ अपना समय बरबाद करता रहता है। लेकिन जब वह उनसे मदद मांगने जाता है तो उसे सच्चाई का पता चलता है। 'अदभुत जीव' एक साहसी युवक की कहानी है, जो अपनी बुद्धिमानी और वीरता से खतरनाक जीव को मार देता है। 'अंतरात्मा की आवाज' एक ईमानदार बच्चे अतुल की कहानी है, जो अपनी मां की दी हुई शिक्षा को कभी नहीं भूलता है। यह कहानी बताती है कि लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए। इनके अलावा इस किताब में संकलित 'साहसी लड़की', 'स्वार्थी मित्र', 'मेहनत की कमाई' और 'उन्नति का रास्ता' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। ये कहानियां रोचक तरीके से तुम्हें स्वावलंबी और अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करती हैं। *

**किताब:** बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां (बाल कथा संग्रह), **लेखिका:** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी राजस्थान

## जीके क्विज-204



1. आईपीएल के इतिहास में 800 बाउंड्री शॉट से रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक कौन-सी धातु होता है?
4. बच्चों की पसंदीदा किताब 'द जंगल बुक' के लेखक कौन हैं?
5. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
6. किस भारतीय को 'साबरमती का संत' कहा जाता है?
7. अंकोरवाट मंदिर कहां स्थित है?
8. भारत का प्रथम और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल कौन था?
9. पश्चिम बंगाल की राजधानी कहां है?
10. कौन-सा पोषक तत्व हमारी हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है?

**बच्चो, जीके क्विज-204 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-203 का उत्तर :** 1 अरोण्यक घोष, 2. हरिवंश नारायण सिंह, 3. रवींद्रनाथ टैगोर, 4. यूनेस्को, 5. टेनिस, 6. रानी लक्ष्मीबाई, 7. लखनऊ, 8. 23.5 डिग्री, 9. उत्तर प्रदेश, 10. सागरमाथा

**जीके क्विज-203 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जियाना-रायगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, पूर्वी-रोहतक, संकेत-दिल्ली, कुसुम-महासमुंद, तेजस-बलौदा बाजार, किंशुक-दुर्ग

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

## मां, आपको पता है न?

हर किसी को अपनी मां की कद्र करनी चाहिए, उसे प्यार-सम्मान देना चाहिए। नहीं तो मां के ना रहने पर उसी तरह पछतावा, दुख होगा, जैसे चंदन को होता है। उसने एक दिन नोटबुक में वह सब लिख डाला, जो उसने मां के ना रहने पर महसूस किया। मां हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं, बता रही है यह कहानी।

पापा घर में घुसे तो सन्नाटा पसरा था। रीतू तो बैठक में फर्श पर ही सो गई थी। चंदन सोफे पर सोया हुआ था। उलटे, औंधे मुंह। नोटबुक उसका तकिया बनी हुई थी। पापा मन ही मन बोले, 'अच्छा! तो बच्चू पढ़ते-पढ़ते सो गए हैं।' पापा ने बड़े प्यार से उसकी पीठ को सहलाया फिर आहिस्ते से उस नोटबुक को खींचा। चंदन पर कोई असर न पड़ा। वह बेसुध सोया हुआ था।


पापा मुस्कुराए। उसके गालों का पसीना पोछा। नोटबुक का पन्ना भी तो भीगा हुआ था। पापा ने एक बार फर्श पर सोई हुई रीतू के माथे को भी प्यार से सहलाया। रीतू की नींद खुल गई, 'अरे! पापा, आप आ गए। मैं पानी लाती हूं।'

रीतू आंखें मलती हुई किचेन में चली गई। पापा के हाथ में चंदन की नोटबुक थी। वह उसे मेज पर रखने ही जा रहे थे कि उस पर बड़ी ही खूबसूरत लिखावट में लिखे पांच शब्दों पर दृष्टि रुक गई। लिखा थाः मां, आपको पता है न?

इसके बाद तो कितना कुछ लिखा हुआ था। पापा की आंखों की कोरें गीली हो गईं। उन्होंने बैठक में ठीक सामने लगी चंदन की मां की फोटो को निहारा। चंदन की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्हें गए एक साल से ऊपर हो गया। पापा ने तो पूरी कोशिश की कि दोनों बच्चों को उनकी कमी महसूस न हो। दोनों को खूब प्यार देते हैं। समय भी खूब देते हैं !

पापा ने नोट बुक को पढ़ना शुरू किया।

मां, आपको पता है न? मैं इस बार कक्षा पांच में आ गया। मुझे कक्षा में सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। मैं आपकी सारी बातें याद रखता हूं। समय से उठता हूं। खूब मन से पढ़ता हूं। आप थीं तो मैं कितना जिद्दी था।




उफ! आपको कितना परेशान किया मैंने। कितनी मिस्टेक कीं। कभी सॉरी भी नहीं कहा, लेकिन आपने हमेशा मुझे माफ किया। मेरा हमेशा ही कितना ख्याल रखा। अब आप नहीं हैं तो समझ में आता है कि आप मेरे लिए कितनी जरूरी थीं। कितना कुछ करती थीं। कभी आराम नहीं। कभी मैंने भी तो आपको आराम नहीं दिया। कभी आप थकी-हारी मुझसे कुछ मांगती भी थीं तो कैसे बहाने से मना कर देता था। और आप हंसकर सब कुछ भूल जाती थीं। आप बीमार थीं, तब भी तो कितना काम करती थीं। अब आप नहीं हैं तो आपकी कीमत समझ आती है। अब लगता है, मुझे आपकी हेल्प करनी चाहिए थी। रीतू दीदी तो आपका कितना हाथ बंटाती थी। वह अब पापा का खूब ख्याल रखती है। मैं भी रखता हूं। आपको पता है न?

मां, स्कूल में मेरे दोस्त कहते थे कि तेरे पापा अब नई मां ले आएंगे। कुछ दोस्त कहते हैं कि नई मां बहुत गंदी होती है। बिल्कुल भी प्यार नहीं करती। कुछ कहते हैं, ऐसा नहीं है। उनकी नई मां तो उन्हें बहुत चाहती है, लेकिन एक साल से ऊपर तो हो गया। पापा नई मां नहीं लाए। वे कहते हैं, 'बेटे! अब मैं ही तेरी मां हूं।' सच, वे बिल्कुल आपकी ही तरह हमें बहुत प्यार करते हैं। मां, आपको पता है न? अभी एक दिन क्रिकेट खेलते हुए मुझे चोट लग गई थी। मैंने पापा को नहीं बताया। चुपचाप मेडिसिन वाली स्ट्रिप लगा ली। सोचा उन्हें बताऊंगा तो परेशान होंगे। लेकिन जब उन्हें पता चला तो ज्यादा परेशान हुए। बिल्कुल आपकी तरह बोले- परेशानियों को शेयर जरूर करना चाहिए। दुःख आपस में बांट लो तो कम हो जाता है। मां, आपको पता है न, अब मुझे लगता है कि मैं बड़ा हो गया हूं। छोटे-छोटे कामों के लिए आपको परेशान करने वाला ये चंदन अब सारे काम खुद कर लेता है। काश! ये सब मैं पहले करता, जब आप थीं तो कितना खुश होतीं। दादी, पापा से कितना खुश होती हैं। पापा उनके सामने बिल्कुल बच्चा बन जाते हैं। सही कहते हैं कि जिनके पास बड़े हैं, वे हमेशा बच्चे हैं।

'पापा! पापा! पापा...!' हाथ में गिलास लिए रीतू खड़ी थी। बोली, 'पापा क्या पढ़ रहे हैं? कब से आपको पुकार रही हूं, आप सुनते ही नहीं।'

पापा को जैसे झटका-सा लगा, 'अरे!'

चंदन भी जाग गया था, 'पापा! आप कब आए?' और फिर उसने आंखें मलते-मलते ही जब अपनी नोट बुक पापा के हाथ में देखी तो तेजी से उनसे ले लिया। धीरे से पूछा, 'पापा। क्या आपने पढ़ा इसे?'

पापा ने चंदन की आंखों को देखा। बोले, 'तुम रोए थे चंदन? ये नोट बुक आंसुओं से भीगी है न?'

चंदन पापा से लिपट गया, 'अब नहीं। अब नहीं रोऊंगा पापा। क्या करूं, मां की याद आती है तो खुद को रोक नहीं पाता।'

पापा देर तक चुप बैठे रहे। फिर रीतू के हाथ से गिलास लिया। पानी पिया। बोले, 'तुम दोनों के लिए एक सरप्राइज है। अभी तक इस घर में दो बच्चे थे। अब तीन हो जाएंगे।' 'तीन! वह कैसे?' रीतू और चंदन ने एक साथ पूछा। पापा ने चंदन के गालों को सहलाते हुए बताया, 'क्योंकि अब आपकी बड़ी मां आ रही हैं। अब वे यही रहेंगी। हम तीनों बच्चे उनके साथ खूब मजे करेंगे।'

'वाह! दादी आ रही हैं। वेरी गुड।'

दोनों पापा से लिपट गए।

सामने मां का मुस्कुराता हुआ फोटो और ज्यादा सुंदर लग रहा था। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन




## मीठी-मीठी लोरी मां

काली हो या गोरी मां।
बहुत तेज या भोरी मां।
तन की चाहे जैसी भी हो
होती मन की कोरी मां।
रसगुल्ले-सी मीठी-मीठी
या कि शहद की बोरी मां।
अपने बच्चों की खातिर है
माखन भरी कटोरी मां।
परी देश की कथा-कहानी
किस्से चांद-चकोरी मां।
झूठी डांट, डपट और झिड़की
मीठी-मीठी लोरी मां।
अगर जरा भी ठेस लगे तो
मुंह से निकले- मोरी मां।
आती रहती है सपनों में
चुपके, चोरी-चोरी मां।

## रंग भरो-201

**रंग भरो-201** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



अद्विक, रायपुर



इरा, कोरबा



आयांश, दुर्ग



प्रगति, बिलासपुर



साक्षी, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आशना-जांजगीर, हर्ष-जगदलपुर, काशवी-रायपुर, काव्या-रायपुर, माही-महासमुंद, विशेष-रायपुर, प्रिया-रायगढ़, संचिता-दुर्ग, जतिन-भोपाल, हर्ष-बलौदा बाजार, याशिका-रायपुर, कुसुम-कोरबा, प्रियांशु-रोहतक, अंकित-बालोद, मनीष-महेंद्रगढ़

## रंग भरो 202



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपनी मम्मी से गले मिलकर उन्हें मदर्स-डे विश कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### आमजन की शिकायतों का तुरंत समाधान करें

**रेवाड़ी।** वीरवार को लघु सचिवालय में एसडीएम सुरेश कुमार ने सीटीएम जितेंद्र कुमार के साथ समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनी। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर में आई शिकायतों को लंबित न रखते हुए तुरंत समाधान के करने के निर्देश दिए। शिविर में गांव बोड़िया कमालपुर में सरकारी स्कूल के समीप जोहड़ में दूषित पानी भरा होने की शिकायत पर सफाई कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शिविर में गांव खोल की फिरनी पर अवैध कब्ज व गांव नंदरामपुर बास में घर के ऊपर से हाईवोल्टेज लाइन हटवाने की शिकायत रखी गई। इसके अलावा एसडीएम ने बिजली, पुलिस, परिवार पहचान पत्र, पेंशन व पानी से संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों प्राथमिकता से निवारण करने के निर्देश दिए।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस : जिला स्तरीय समारोह आज

**नारनौल।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आठ मई को रेडक्रॉस कार्यालय में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति अध्यक्ष अनुपमा अंजलि मुख्य अतिथि होगी। रेडक्रॉस सचिव बलवान शर्मा व जिला कमांडेंट टेकचंद यादव ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश दहिया, डॉ. धर्मपाल गुर्जर, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डॉ. संजय शर्मा, पवित्रा यादव. रेडक्रॉस कार्यालय से ओमप्रकाश, राजकुमार व्यास, रेखा कुमारी, त्रिभुवन वर्मा, अगेंद्र यादव, राजेश यादव, अजय कुमार, नितेश कुमारी, नवरत्न वर्मा, नीलम यादव, मुकेश वर्मा, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप के लिए पंजीकरण शुरू

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि युवाओं के लिए पीएम इंटर्नशिप पोर्टल का तृतीय चरण मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुका है। यह पंजीकरण दिसंबर 2026 तक खुला रहेगा। भारत सरकार की प्राइम मिनिस्टर इंटर्नशिप स्कीम के अंतर्गत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है।

### डीएसपी डॉ. कविता ने संभाला कार्यभार

**कनीना।** हरियाणा पुलिस में हाल ही में हुए फेरबदल के बाद कनीना में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में डॉ. कविता ने पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यालय पहुंचकर उन्होंने कार्यभार संभाला। डॉ. कविता का स्थानांतरण गुरुग्राम से कनीना में हुआ है। इससे पहले इस पद पर डीएसपी दिनेश कुमार कार्यरत थे। जिनका तबादला अब नूहं जिले के पुनहाना में कर दिया गया है। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद डॉ. कविता ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### रोटरी क्लब रॉयल्स आज करेगा स्टेशनरी वितरित

**नारनौल।** समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत रोटरी क्लब ऑफ रॉयल्स की ओर से शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला मोहल्ला बास में स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन दिनेश भार्गव व क्लब सेक्रेटरी रोटेरियन सत्यनारायण सैनी ने कहा कि क्लब सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहा है।

### खातोदड़ा में खोला जाएगा नया स्वास्थ्य केंद्र : आरती

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। महेंद्रगढ़ जिले के गांव खातोदड़ा में नया स्वास्थ्य केंद्र खोलने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। गांव खातोदड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्थापित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से आसपास के गांवों के को फायदा मिलेगा।

---

### एचपीईए के सदस्य 25 दिनों से कर रहे थे प्रदर्शन

# पॉवर इंजीनियर्स के संघर्ष से एसडीओ का तबादला रद्द

**हरियाणा पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन तबादला आदेश को बता रहा था गलत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

हरियाणा पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन यानि एचपीईए को 25 दिनों से जारी संघर्ष और एकजुटता से जीत मिली है। निगम मैनेजमेंट ने उचाना के एसडीओ इंजीनियर जोजो तनेजा का गलत तरीके से किया गया तबादला आदेश वापस ले लिया है। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के आदेश के अनुसार इंजीनियर जोजो तनेजा का झोझू कलां के लिए किया गया अस्थाई तबादला रद्द कर दिया गया है। डीएसबीवीएन मुख्यालय हिसार में आयोजित गेट मीटिंग में भारी संख्या में इंजीनियर एकत्रित हुए। मीटिंग की अध्यक्षता एक्सईएन सतीश कुमार ने की। इस मौके पर इंजीनियर्स ने अन्य लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के महासचिव रविंद्र घनघस ने कहा


रेवाड़ी। गेट मीटिंग के दौरान प्रदर्शन करते इंजीनियर्स। फोटो : हरिभूमि

कि यह जीत हर सदस्य की सामूहिक ताकत का परिणाम है, लेकिन संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। एचपीईए ने स्पष्ट किया है कि प्रशासन शेष मांगों पर भी कार्रवाई करे, ताकि ऑफिसर निर्भय होकर निगम हित में कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि एवीपीएन और डिस्कॉम में तकनीकी निदेशकों, सीई, एसई और एक्सईएन के खाली पदों को नियमित आधार पर भरा जाए। लंबित प्रमोशन तुरंत जारी किए जाएं। एचवीपीएन में वर्ष 2009 से लंबित रिस्ट्रक्चरिंग और डिस्कॉम के 2019-20 से अटके नए डिवीजनों के गठन को पूरा किया जाए। इंजीनियरों को दी जा रही चार्जशीटों को रद्द किया जाए एसडीओ सीनियरिटी लिस्ट तुरंत जारी की जाए। हांसी, दादरी और नूंह में एसई को पोस्टिंग की जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सलाउद्दीन, सुदीप, बलजीत बेनीवाल, आशीष मोदी, होशियार सिंह, नगेंद्र सिंह, विनोद कुमार, सतीश कुमार, राम कटारा, हितेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, संजीव कुमार, मुकेश रोहिल्ला, अमित कुमार, साहिल कुमार, वीरेंद्र सिंह, संदीप, अमनदीप सिंह, सुदीप फोगाट, सुरेश कुमार, पवन कुमार, आशुतोष गुप्ता, सुमित, राजेंद्र धनखड़, संजय श्योराण, सागर फुलानी, अश्विनी, अनिल कुमार, सन्नी यादव, दीपेश, विजय राजोटिया, ललित, अजीत कुमार, देवीप्रसाद साहू, रिपुदमन सिंह, सुनीता नैन, कुसुम रोहिल्ला, साहिब सिंह और हितेंद्र कुमार सहित अनेक इंजीनियर मौजूद थे।

---

# तनाव से मुक्ति के लिए अनुशासन और समय प्रबंधन आवश्यक : डॉ. जयपाल

**खान-पान भी तनाव को दूर करने में होता है सहायक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मीरपुर


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में वीरवार को प्रबंधन विभाग में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए योग व ध्यान द्वारा तनाव प्रबंधन पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंटीग्रेटेड एमबीए के छात्रों की ओर से किया गया। कोऑर्डिनेटर डा. भारती के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रितु बजाज ने मुख्य वक्ता का स्वागत करके किया।

कार्यक्रम में योग विभाग के सहायक आचार्य डा. जयपाल सिंह राजपूत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में होने वाले तनाव जैसे शिक्षा, परीक्षा, परिणाम, संबंध व पारिवारिक पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से अगर अपने जीवन को व्यवस्थित करें तो हम बहुत से तनाव से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि तनाव न हो, ऐसा संभव नहीं, परंतु हमें होने वाले तनाव का प्रबंध करना आना चाहिए। हम अनुशासन और समय प्रबंधन से न केवल तनाव से बच सकते हैं, अपितु अपने जीवन लक्ष्य को भी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने तनाव के हमारे शरीर, मन और मस्तिष्क पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खान-पान भी तनाव को दूर रखने में सहायता करता है। सत्र का समापन योग ध्यान क्रिया और ॐ के उच्चारण के साथ किया गया। भूमिका और शगुन ने मंच संचालन किया। छात्र रजत ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रोफेसर समृद्धि, डा. जसविंदर सिंह, डा. देवेश अग्रवाल, शोधार्थी लक्ष्य यादव, नेहा, नीतू, ज्योति, सुरभी, नंदिनी व निशा सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

---

## लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे मामले : डॉ. रेनू सोलखे



**रेवाड़ी।** जिला स्थित न्यायिक परिसर में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डा. रेनू सोलखे ने बताया कि जिला रेवाड़ी में कुल 7 बेंच बनी है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। सीजेएम डा. सोलखे ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व के मामलों का निपटारा किया जाएगा। सीजेएम ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कोर्ट में अपने लंबित मामलों को आपसी सहमति से हल करा लेने में ही फायदा है, जिससे कि समय कम लगे और मामूली खर्च में ही विवाद का निपटारा हो जाए। कोई भी केस में कोर्ट में चलता है तो लोगों को उसके लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और धन व समय भी खर्च होता है। लोक अदालत में आदमी आकर विवाद को सुलझा ले तो यह वहीं समाप्त हो जाता है।

---

# एक-एक मत से तय होती है लोकतंत्र की मजबूती व विकास की दिशा : डीसी

- नागरिकों से अपने मताधिकार के प्रयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने मतदाताओं से आह्वान किया कि सभी 10 मई को होने वाले नगर परिषद रेवाड़ी, नगर पालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव और पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनावों में मतदान अवश्य करें। कहा कि एक-एक मत लोकतंत्र की मजबूती तथा क्षेत्र के विकास की दिशा तय करता है। मतदाता बिना किसी भय या प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग करें। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि चुनावों को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष सम्पन्न करवाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू की गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार के आग्नेय अस्त्र और शस्त्र ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। डीसी ने बताया कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए है।


डीसी अभिषेक मीणा।

**शराब बिक्री पर प्रतिबंध**

डीसी ने बताया कि हरियाणा शराब लाइसेंस नियम 1970 के तहत चुनाव क्षेत्र व चुनाव क्षेत्र से तीन किलोमीटर के निकट स्थित शराब की दुकानों, होटलों, रेस्तरां, क्लबों, बार, पब, माइक्रोब्रुअरी और अन्य प्रतिष्ठानों में शराब की बिक्री और परोसने पर भी रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध 8 मई को शाम 6 बजे से शुरू होकर 10 मई को मतदान समाप्त होने तक लागू रहेगा। यदि पुनर्मतदान होता है तो 12 मई को भी मतदान समाप्ति तक यह आदेश प्रभावी रहेगा। इसके अलावा मतगणना के दिन 13 मई को सुबह 8 बजे से मतगणना समाप्त होने तक भी शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

---

# सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र का लिया जायजा

- रोगियों की समय-समय पर होती है काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करती सीजेएम डॉ. रेनू सोलखे।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ड्रग जागरूकता और कल्याण नेविगेशन योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. रेनू सोलखे ने वीरवार को नशा मुक्ति केंद्र व वन स्टॉप सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। वोकेशनल काउंसलर ने बताया कि केंद्र में फिलहाल 6 रोगी उपस्थित हैं। उन्होंने बताया कि संदीपा काउंसलर की ओर से रोगियों की समय-समय पर काउंसलिंग की जाती है तथा उन्हें नशा छोड़ने के प्रति जागरूक किया जाता है। सीजेएम डा. सोलखे ने कहा कि सभी को कानूनी सहायता और सेवाओं के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निशुल्क कानूनी सेवाओं की पेशकश करना व साथ में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करता है।

**वन स्टॉप सेंटर पहुंचीं**

डा. रेनू सोलखे ने वन स्टॉप सेंटर का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर का गठन समाज में किसी भी प्रकार की हिंसा का शिकार हुई महिलाओं के लिए किया गया है। यह केंद्र पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श और आश्रय जैसी सेवाएं मुफ्त में प्रदान करते हैं। इनका उद्देश्य हिंसा से प्रभावित महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षित वातावरण में न्याय और पुनर्वास दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से जानकारी लेते हुए उचित दिशा निर्देश दिए।

---


कनीना। स्ट्रांग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का दौरा करते एसडीएम।

### स्ट्रांग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**मंडी अटेली।** कनीना नगर पालिका वार्ड संख्या 14 में होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर वीरवार को एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित स्ट्रॉन्ग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि उपचुनाव के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम एवं डिस्पैच सेंटर पर सुरक्षा, बिजली, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों की पूर्ण पालना करते हुए प्रत्येक कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए।

### सफाई कर्मी हड़ताल पर, प्रधान ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**मंडी अटेली।** नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच वीरवार को शहर में एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। एक तरफ सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे। वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका अध्यक्ष संजय गोयल के नेतृत्व में शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। सुबह करीब साढ़े सात बजे शुरू हुए इस अभियान में चेयरमैन संजय गोयल, पार्षदों, नगर पालिका कर्मचारियों और आम लोगों ने मिलकर शहर के मुख्य चौक, चौराहों व आम रास्तों पर पड़े कूड़े, कचरे के ढेरों को अपने हाथों से उठाया। झंडा चौक से लेकर पुराने बस स्टैंड तक फैली गंदगी को ट्रैक्टर ट्रॉली और कचरा गाड़ियों में भरकर हटाया गया। इस दौरान हड़ताली कर्मचारी भी आसपास मौजूद रहे और जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को सफाई करते हुए देखते रहे।





मंडी अटेली। धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### अटेली में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**मंडी अटेली।** नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों का ठेका प्रथा के खिलाफ आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। अनिश्चितकालीन धरने के सातवें दिन भी कर्मचारियों ने कामकाज पूरी तरह ठप रखते हुए विरोध प्रदर्शन जारी रखा। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही और कई स्थानों पर कचरे के ढेर लग गए। धरने की अगुवाई कर रहे ब्लॉक प्रधान मनीष कुमार ने कहा कि ठेकेदारी व्यवस्था के कारण कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षों से कार्यरत होने के बावजूद कर्मचारियों को न तो स्थायित्व मिल रहा है और न ही उचित वेतन जिससे उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों ने सरकार से ठेका प्रथा समाप्त कर नियमित भर्ती करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने तथा समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने की मांग उठाई।

### एनएच-148 बी पर ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर व रिम फटी, बड़ा हादसा टला

**नारनौल।** नांगल चौधरी क्षेत्र में नेशनल हाईवे-148 बी पर बुधवार देर रात बड़ा हादसा टल गया। बस स्टैंड के पास बने अंडरपास के ऊपर तेज रफ्तार से गुजर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की अचानक टायर व रिम फट गई। जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर हाईवे के साइड बॉर्डर पर जा चढ़ी और डिवाइडर के ऊपर झुक गई। यह ट्राली अंडरपास के ऊपर अटक गई। अगर यह नीचे गिर जाती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इससे वहां पर कई देर तक जाम भी रहा। ट्रैक्टर-ट्रॉली में पशुओं के लिए काफी मात्रा में चारा भरा हुआ था। यह चारा पंजाब से कोटपूतली की तरफ ले जाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रॉली काफी तेज गति में थी और ओवरलोड भी बताई जा रही है। हादसे के समय हाईवे पर वाहनों की आवाजाही जारी थी, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



---

**बैठक** | अटेली में पुलिस-पब्लिक संवाद के दौरान डीएसपी ने लोगों से किया आह्वान

# सार्वजनिक एवं मुख्य स्थानों पर लगाएं सीसीटीवी

- पुलिस और आम जनता के बीच सहयोग से ही समाज पूरी तरह सुरक्षित और अपराध मुक्त बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

थाना अटेली परिसर में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा क्षेत्र में शांति व सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस डीएसपी सुरेश कुमार ने की। बैठक में अटेली क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के पार्षद, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, प्रमुख समाजसेवी व व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीएसपी सुरेश कुमार ने वहां मौजूद सभी प्रतिनिधियों से उनके संबंधित क्षेत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और जमीनी स्तर पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था पर गहन चर्चा की।

उन्होंने सभी पार्षदों, व्यापारियों और समाजसेवियों से एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्रों में भाईचारा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल व सहयोग से ही समाज को पूरी तरह से सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाया जा सकता है। सुरक्षा व्यवस्था को अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए डीएसपी ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की। उन्होंने अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों के आसपास उत्तम गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। उन्होंने विशेष रूप से सुझाव दिया कि ये कैमरे मुख्य रूप से दुकानों के बाहर, प्रमुख चौक-चौराहों और गांवों, कॉलोनियों तथा वार्डों के प्रवेश व निकास द्वार पर लगाए जाने चाहिए, ताकि हर आने-जाने वाले व्यक्ति पर नजर रखी जा सके।


नारनौल। बैठक को संबोधित करते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

**कैमरे लगे होने से कानून का डर बना रहेगा**

डीएसपी ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक और मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने से न केवल असामाजिक तत्वों में कानून का डर बनता है, बल्कि इससे अपराध पर भी प्रभावी रूप से अंकुश लगता है। जगह-जगह तीसरी आंख का पहरा होने से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी। यदि कोई आपराधिक घटना घटित हो भी जाती है, तो इन कैमरों की फुटेज की मदद से अपराधियों की तुरंत पहचान करने और उन्हें जल्द से जल्द पकड़ने में पुलिस को बहुत मदद मिलेगी। बैठक का समापन पुलिस व स्थानीय जनता के बीच सुरक्षा को लेकर एक साथ मिलकर काम करने के सकारात्मक संकल्प के साथ हुआ।

---

## 15 मई से शुरू होंगी परीक्षाएं, एडमिट कार्ड 9 तक लेना अनिवार्य: डॉ. हरिओम

- रोल नंबर लेने के लिए नोड्यूज प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य



**कनीना।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित पीकेएस राजकीय महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के लिए परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार बीए, बीकॉम व बीएससी के द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की नियमित परीक्षा 15 मई से शुरू होने जा रही हैं। जिसे लेकर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. हरिओम भारद्वाज ने बताया कि एडमिट कार्ड वितरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो आगामी नौ मई तक चलेगी। विद्यार्थियों को नौ मई तक अनिवार्य रूप से अपने एडमिट कार्ड प्राप्त करने होंगे। प्रथम वर्ष के एडमिट कार्ड कमरा संख्या तीन में चेतन शर्मा व अंकित कुमार वितरित करेंगे। इसी प्रकार द्वितीय वर्ष के एडमिट कार्ड कमरा संख्या तीन में मनीष कुमार व मानव भारद्वाज तथा तृतीय वर्ष के एडमिट कार्ड कमरा संख्या पांच में मीना शर्मा व कुमारी कुसुम की ओर से जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों ने लाइब्रेरी की पुस्तकें, खेल सामग्री या एनसीसी, एनएसएस का सामान जमा नहीं किया है, उन्हें बिना नो ड्यूज प्रस्तुत किए एडमिट कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। रोल नंबर प्राप्त करने के लिए नोड्यूज प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। महाविद्यालय में 20 अप्रैल से प्रयोगात्मक परीक्षाएं चल रही हैं, जिससे परिसर में पहले से ही शैक्षणिक हलचल तेज है।

### आग लगने से कंपनी सहित आसपास के इलाके में मची अफरा-तफरी

# बावल में सोलर प्लेट कंपनी में लगी भयंकर आग, एक दर्जन फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**औद्योगिक क्षेत्र स्थित यूटीएल सोलर कंपनी में लगी आग से सोलर पैनल, बैट्री और इन्वर्टर सहित उपकरण जलकर राख, करोड़ों के नुकसान का अनुमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बावल के आईएमटी क्षेत्र सेक्टर-6 में स्थित यूटीएल सोलर कंपनी में बुधवार देर रात अचानक धमाके के साथ भीषण आग लग गई। आग लगने से कंपनी सहित आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रात करीब 11 बजे लगी आग देखते ही कुछ ही देर में भयंकर रूप धारण कर लिया और पूरे प्लांट को अपनी चपेट में ले लिया। दूर-दूर तक उठी आग की लपटों से आसपास की कंपनियों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की करीब एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों की ओर से बुधवार रात को लगी आग पर पूरी तरह वीरवार दोपहर तक काबू पाया जा सका। वीरवार सुबह तक बाहरी आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन कंपनी के अंदर रखे सामान में आग सुलगती रही। पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही।




रेवाड़ी। बुधवार देर रात सोलर प्लेट कंपनी में लगी आग तथा कंपनी में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### शॉर्ट सर्किट माना जा रहा कारण

आगजनी से पहले कंपनी में कर्मचारी नाइट शिफ्ट में काम कर रहे थे। आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। आसपास के कंपनी कर्मचारियों के अनुसार कंपनी के अंदर नाइट शिफ्ट में करीब 250 से 300 कर्मचारी काम कर रहे थे। आग भड़कने के साथ ही कंपनी के अंदर मौजूद कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, जिसके बाद आग की लपटों ने पूरी कंपनी का अपनी चपेट में ले लिया।




रेवाड़ी। कंपनी में आग लगने से जला सामान तथा कंपनी में मौजूद फायर ब्रिगेड व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### धमाकों के साथ लगी थी आग

बावल औद्योगिक क्षेत्र स्थित यूटीएल सोलर कंपनी में सोलर पैनल के साथ-साथ इन्वर्टर और बैट्री बनाने का कार्य किया जाता है। प्लांट के अंदरकाफी मात्रा में स्टॉक रखा हुआ था। आग लगने के बाद बैट्रियों के फटने धमाके होने लगे और आग ने भीषण रूप ले लिया। आग के ज्यादा भड़कने पर दमकल कर्मियों को रातभर काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल विभाग के अनुसार कंपनी में लगी आग पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड की एक दर्जन गाड़ियों ने पानी खत्म होने पर 100 से अधिकफेरे लगाए। भीषण आग के कारण रेवाड़ी, बावल, धारूहेड़ा और कोसली सहित आसपास के क्षेत्रों से बुलाई गई फायर ब्रिगेड मौके पर तैनात रही।

### मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

दमकल विभाग के सहायक फायर ऑफिसर संजय ने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे आगजनी की सूचना मिली थी, जिसके बाद विभाग की टीम गाड़ियां लेकर तुरंत मौके पर पहुंच गई। रातभर मशक्कत करने के बाद वीरवार सुबह आग पर काबू पाया गया। आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा चुका है। आग की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

### करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान

आसपास के लोगों के अनुसार आगजनी की घटना से कंपनी को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। प्लांट का असेंबली यूनिट, पैकिंग सेक्शन और वेयरहाउस पूरी तरह जलकर खाक हो गया। कंपनी में बनाया गया और कच्चा माल और मशीनें और उपकरण आग की भेंट चढ़ गए। सोलर कंपनी में आग लगने की घटना के बाद आसपास की कंपनियों में भी चिंता बढ़ गई। बावल औद्योगिक क्षेत्र में काफी कंपनियां है।

## नप के भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगी नेहारिका: दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा चेयरमैन के पिछले कार्यकाल में नगर परिषद भ्रष्टाचार का गढ़ बनी रही। नगर परिषद को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी नेहारिका चौधरी को चेयरमैन बनाएं। कांग्रेसी चेयरमैन शहर का चहुंमुखी विकास कराते हुए नगर परिषद को स्वच्छ शासन देने का कार्य करेंगी। दीपेंद्र वीरवार सायं कांग्रेस प्रत्याशी नेहारिका के समर्थन में शहर में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन की घोषणा करते हुए बड़े उलटफेर के संकेत दिया है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का दावा करने वाली भाजपा के शासन में भ्रष्टाचार के सभी रिकार्ड टूट चुके हैं। अगर इस बार कांग्रेस प्रत्याशी को मौका दिया गया, तो नगर परिषद के भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से नकेल कसी जाएगी। उन्होंने शहर के लोगों से अपील की कि वह 10 मई को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करें। कांग्रेस प्रत्याशी नेहारिका चौधरी ने कहा कि वह शहर के विकास के संकल्प को लेकर चुनाव मैदान में उतरी हैं।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक चिरंजीव राव, पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष छावड़ी, शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी पूर्व चेयरमैन शकुंतला भांडोरिया व कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। दीपेंद्र हुड्डा का ग्रामीण जिलाध्यक्ष कार्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

## कांग्रेस को नकार चुकी देश की जनता

- निकाय चुनावों में होगी भाजपा की जीत : आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद चेयरमैन पद की उम्मीदवार विनीता पीपल के समर्थन में शहर में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि जिस तरह से देश की जनता ने कांग्रेस को नकारा है, ठीक उसी तरह निकाय चुनावों में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा प्रत्याशी निकाय चुनावों में जीत का परचम फहराएंगे। आरती सिंह राव ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा विकास, जनकल्याण और सुशासन की राजनीति की है, जिसके चलते जनता का विश्वास लगातार भाजपा के साथ मजबूत हुआ है। निकाय चुनावों में भी जनता विकास और स्थिर नेतृत्व के पक्ष में मतदान करेगी और भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएगी। 10 मई को होने वाले निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस पूरी तरह राजनीतिक रूप से धराशाही हो जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि शहरों और कस्बों का समग्र विकास करना है।



### ये नेता रहे मौजूद

जनसभाओं में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी विनीता पीपल, बावल से विधायक डॉ कृष्ण कुमार, पटोदी से विधायक बिमला चौधरी, नारनौल से विधायक ओमप्रकाश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मूसेपुर, वेद प्रकाश ठेकेदार प्रधान, संजू सरपंच, सत्यदेव, राहुल यादव, अजय कांटीवाल, हिमांशु पालीवाल, पार्षद पद के उमीदवार प्रदीप उर्फ पिंकी भार्गव, त्रिलोक चंद, सरोज, नीरज कुमार और एडवोकेट कुशमलता आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पेंटिंग, स्लोगन व रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**बावल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीपुर में वीरवार को शहरी निकाय चुनाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने पेंटिंग, स्लोगन लेखन व रैली के माध्यम से लोगों मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डा. शालिनी पुरोहित ने कहा कि भारत में पार्षदों और वार्ड प्रतिनिधियों को चुनने के लिए शहरी निकाय के चुनाव आयोजित किए जाते हैं। एक लोकतांत्रिक देश होने के नाते, चुनाव ही एकमात्र माध्यम है, जिसके द्वारा लोग अपनी पसंद की सरकार चुन सकते हैं। क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है।

### भाड़ावास की पूजा को मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन में मिला गोल्ड मेडल

**रेवाड़ी।** जिले के गांव भाड़ावास निवासी पूजा शर्मा पुत्री प्रदीप कुमार ने गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली से मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन में वर्ष 2023-2025 की योग्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वीरवार को विश्वविद्यालय में आयोजित अठारहवे दीक्षांत समारोह में छात्रा को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर श्री गंगा सहाय जांगिड़ धर्मशाला न्यास भाड़ावास एवं जांगिड़ ब्राह्मण समाज ने पूजा शर्मा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## प्रशिक्षण में महिलाओं को जूट कैरी बैग बनाना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक यानि नाबार्ड के सहयोग से गांव सुमा खेड़ा में 20 दिवसीय जूट बैग निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिला विकास प्रबंधक राजेश गोठवाल एवं दी रेवाड़ी सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड के महाप्रबंधक जितेंद्र यादव ने कैंप का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन दी लार्ड कृष्णा एजुकेशनल फाउंडेशन ने किया। संस्था के अध्यक्ष रतिराम ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रतिदिन 50 रुपये का स्टाइफंड भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में महिलाओं को जूट कैरी बैग, शॉपिंग बैग, जूट पर्स, बोतल बैग व टिफिन बैग बनाना सिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद भी रोजगार से जोड़ने के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर की शुरूआत की गई है, जहां प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र संचालित होगा। प्रशिक्षक सुषमा देवी ने कहा कि पूरी मेहनत एवं लगन के साथ सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला विकास प्रबंधक राजेश गोठवाल ने कहा कि नाबार्ड की ओर से महिलाओं के स्वरोजगार एवं कौशल विकास के लिए निरंतर सहयोग दिया जाएगा। महाप्रबंधक जितेंद्र यादव ने आश्वासन दिया कि यदि प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में ऋण की आवश्यकता होगी तो बैंक हर संभव सहायता प्रदान करेगा।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।




हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### जिला पुलिस किसी भी विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम

## निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस के दौरे जारी, नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाने की अपील



रेवाड़ी। लोगों के साथ बैठक करते डीएसपी रविन्द्र सिंह। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। लोगों के साथ बैठक करते डीएसपी सुरेन्द्र श्योराण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में आगामी 10 मई को होने वाले शहरी निकाय आम चुनाव और पंचायत राज संस्थाओं के उपचुनावों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधिकारियों की ओर से लगातार आमजन के साथ संवाद किया जा रहा है। वीरवार को डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, एसएचओ मॉडल टाउन रतन लाल, एसएचओ धारूहेड़ा कश्मीर सिंह, एसएचओ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा पीएसआई सचिन, सदर थाना एसएचओ राजेन्द्र सिंह और बावल थाना एसएचओ फुल कुमार ने अपने-अपने क्षेत्रों के मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक की।

इस दौरान पुलिय अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों से आगामी चुनाव के दौरान आपसी सामाजिक भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस किसी भी विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है। यदि कोई व्यक्ति चुनाव के दौरान शराब, नकदी या अन्य प्रलोभन देकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश करता है, तो तुरंत सूचना दे। उन्होंने सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को जल्द अपने हथियार जमा कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस की आईटी सेल सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे हुए है। अफवाह फैलाने या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ साइबर कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन दिखाई दे, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या डायल-112 पर सूचना दे।

## खबर संक्षेप



### लोगों को योगिंग-जोगिंग, सूर्य नमस्कार और ध्यान योग का करवाया अभ्यास

**रेवाड़ी।** पतंजलि योग समिति और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तत्वावधान में सनसिटी ए ब्लॉक में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को शिविर के पंद्रहवें दिन भी योग साधकों ने अनेक आसनों का अभ्यास किया। शिविर में पतंजलि परिवार की ओर से 10 मई तक योगाभ्यास करवाया जाएगा तथा उसके बाद योग शिक्षक राकेश नियमित योग करवाएंगे। इस मौके पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी दयानन्द आर्य ने योग साधकों को योगिंग-जोगिंग और पतंजलि योग समिति के जिला सह प्रभारी विकास यादव ने सभी को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। योग प्रशिक्षकों ने सभी को खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। जिला महामंत्री श्याम सुंदर ने योग साधकों को ध्यान योग का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि मात्र ध्यान योग के अभ्यास से तनाव व डिप्रेशन से छुटकारा पाया जा सकता है। इस मौके पर कॉलोनी के अनेक लोग मौजूद थे।



### संस्था ने मूंदी के पंचायत घर में वाटर कूलर किया स्थापित

**रेवाड़ी।** जिले के गांव मूंदी के सामाजिक संगठन सुषमा यादव स्मृति मंच की ओर से उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर गांव के पंचायत घर के लिए वाटर कूलर भेंट किया। गांव के सरपंच अनिल यादव ने बताया कि संसद भवन में सलाहकार के पद पर सेवारत गांव के समाजसेवी सत्यपाल यादव की पत्नी का गत वर्ष निधन हो गया था। उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर पंचायत घर में वाटर कूलर लगाया गया है। उन्होंने ग्राम पंचायत की ओर से मंच से जुड़े हुए सभी प्रतिनिधियों का आभार जताया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला पार्षद भूपेंद्र यादव, कृष्ण कुमार, सत्यवीर सिंह, अनिल कुमार, कुशलपाल यादव, हरीश कुमार, संजय यादव व भानु सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बावल में कन्या जन्म पर कुआं पूजन कर खुशियां मनाई



**बावल।** बावल कस्बे में एक परिवार ने कन्या के जन्म पर कुआं पूजन करके खुशी मनाई। महिलाओं ने मंगलगीत गाए तो बुजुर्गों ने नवजात कन्या व उसकी मां को आशीर्वाद दिया। बावल निवासी प्रीतम और रामप्यारी ने पोती के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया। बेटी के जन्म से परिवार खुशी का माहौल है। इस खुशी में कुआं पूजन कर तमाम सामाजिक रीति निभाई गई। कन्या के पिता सचिन व मां वंशिका ने कहा कि आज के समय में बेटा बेटी एक समान है। बेटियां हर क्षेत्र में बेटे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है, बस उन्हें समान अवसर मिलना चाहिए। इस मौके पर विकास, रितिका, काजल, आनंद, कमलेश व सिद्धार्थ सहित परिवार के लोग और अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



### श्री कृष्ण स्कूल हांसाका में नारी शक्ति अधिनियम पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**रेवाड़ी।** वीरवार को श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका में नारी शक्ति अधिनियम विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल में लोकसभा सदन का दृश्य तैयार किया गया, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न मंत्रियों जैसे रक्षा, बाल विकास कल्याण, कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री के रूप में नारी शक्ति बिल पर अपने-अपने विचार रखे। छात्राओं ने समाज और देश के विकास में भारतीय नारियों का उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि यदि भारत को एक सुदृढ़ और विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें नारियों का सहयोग और भागीदारी अति आवश्यक है। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेश कुमार यादव ने कहा कि जिस प्रकार एक परिवार के विकास में नारी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, ठीक उसी प्रकार किसी समाज और देश का संपूर्ण विकास तभी संभव है, जब नारी को पुरुषों के समान समानता का अधिकार दिया जाए। उन्होंने कहा कि जब एक नारी घर-परिवार को अच्छे से चला सकती है, तो वह देश क्यों नहीं चला सकती। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्य सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में खुशी और कशिश की टीम बनी विजेता

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या कॉलेज में वीरवार को राजनीति विज्ञान विभाग ,लोक प्रशासन विभाग, इतिहास विभाग और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय स्तरीय अंतर विभागीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से अंतिम चरण के लिए 6 टीमों का चयन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में खुशी बीए थर्ड ईयर ने व कशिश बीए थर्ड ईयर ने प्रथम, महक बीए सैकेंड ईयर व नेहा बीए सैकेंड ईयर ने द्वितीय और सैकेंड ईयर से नेहा व यासमीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने प्रतिभागी टीमों की छात्राओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विजेता टीमों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर दीपक कुमार, राजकुमार, संदीप सिंह, श्याम सिंह, क्षिप्रा और ज्योति मौजूद थे।

### महिलाएं ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर 16 को रखेंगी वट सावित्री व्रत

**रेवाड़ी।** सनातन धर्म में धार्मिक आयोजन समय-समय होते रहते हैं। प्राचीन काल से ही यह सिलसिला चला आ रहा है। भारतीयों की धर्म के प्रति भावनाएं बड़ी ही प्रबल हैं। अधिकांश पर्वों में महिलाओं की भागीदारी अच्छी-खासी होती है। अपने सुहाग की रक्षा व दीर्घायु के लिए धार्मिक पर्वों पर व्रत भी रखती आ रही हैं। सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा करने के लिए यमराज तक से भी भिड़ गई थी और अंत में यमराज को उसके पति को प्राण वापस लौटाने ही पड़े थे। सावित्री की पति के प्रति भक्ति को देखते हुए प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर वट सावित्री व्रत का आयोजन महिलाएं करती आ रही हैं। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं ही रखती हैं। ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि 16 मई को प्रातः 5 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 17 मई को सुबह 1 बजकर 30 मिनट पर तिथि का समापन होगा, इसलिए वट सावित्री व्रत 16 मई को रखा जाएगा।